# Greenlawns School, Worli

**द्वितीय सत्रीय पुनरावलोकन – (२०२५-२६)**

**कक्षा – छठवीं** **पूर्णांक-८०**

**दिनांक - १८-०२-२०२६** **विषय - हिंदी.** **समय - २ घंटे**

---

**सूचना :- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित हैं।**

---

**विभाग 'अ' (अंक- ४०)**

**भाषा-विभाग**

**प्रश्न १] निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:-** **(१०)**

**१) होली:रंगों का त्योहार**

**२) मेरा यादगार जन्मदिन**

**३) परीक्षा का भूत**

**प्रश्न २] निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए तथा अंत में उससे मिलनेवाली सीख व शीर्षक लिखिए.** **(७)**

**एक मुनि का जंगल से गुजरना....... ... रास्ते में एक शेर का मिलना............. . उसके पाँव में काँटा चुभा होना..............मुनि द्वारा काँटे का निकाला जाना.............. शेर द्वारा सहायता का वचन देना......... . उसी शेर का राजा के पिंजरे में बंद होना ...........राजा का क्रोधित होकर मुनि के ऊपर शेर छोड़ना............. शेर का मुनि पर हमला करना ...................पास जाते ही शेर द्वारा मुनि को पहचान जाना.............शेर का मुनि के पैरों पर सिर झुकाना.......................शेर का मुनि को मारने की बजाय मुनि के पैर चाटना.......सीख व शीर्षक ।**

**प्रश्न 3) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

**एक बार शिवाजी और समर्थ गुरू रामदास बरसात के मौसम में एक उफनती नदी के किनारे नदी पार करने के लिए खड़े थे। दोनों में बहस हो रही थी कि नदी पहले कौन पार करेगा ? इसी दौरान भगवान की कृपा से एक नाविक भी वहाँ आ पहुँचा। उसने उन्हें नदी के पार पहुँचा दिया, परंतु पहुँचने पर शिवाजी ने स्वामी रामदास से पूछा, "गुरूदेव! आप पहले नदी पार करने के लिए क्यों बेचैन थे? गुरूदेव ने बड़ी गंभीरता से शिवाजी से कहा, "तुम्हीं बताओ कि तुम मुझसे पहले नदी में उतरने को क्यों तैयार थे?" शिवाजी बिना कुछ कहे गंभीर मुद्रा में गुरू के सामने खड़े रहे। फिर गुरू महाराज ने कहा," शिवाजी ! तुम हिंदू धर्म-संस्कृति के रक्षक, प्रजापालक राजा हो। यदि नदी पार करते समय तुम तेज़ बहाव में कहीं बह जाते,तो इस राज्य और धर्म का क्या होता? यदि मैं पहले डूब भी जाता,तो कोई फर्क पड़नेवाला नहीं था क्योंकि मैं अकेला प्राणी हूँ।" यह सुनकर शिवाजी उनके चरणों में गिर पड़े और बोले, "गुरूदेव ! आपके बिना कैसा धर्म, कैसी संस्कृति और कैसा राष्ट्र। मेरे मर जाने पर आप जैसे सद्गुरू एक नहीं, हजारों शिवाओं को तैयार कर सकते हैं। मैं तो आपके चरणों का दास हूँ और कुछ नहीं। "शिवाजी**

के ये वाक्य सुनकर समर्थ गुरू रामदास गद्‌गद्‌ हो गए। उन्होंने शिवाजी को गले लगा लिया और कहा," तुम धर्म और मर्यादा को अच्छी तरह जानते हो। जहाँ तुम जैसे समर्पित राष्ट्रभक्त होंगे, वह राष्ट्र हमेशा पूरे विश्व का मार्गदर्शन करता रहेगा।"

प्रश्न : -

१) शिवाजी और रामदासजी का आपस में क्या संबंध था ? उनमें बहस कब और क्यों हो रही थी? (२)

२) समर्थ रामदासजी किस कारण से स्वयं पहले नदी पार करने के लिए व्याकुल थे ? (२)

३) शिवाजी को समर्थ गुरू रामदास ने गले से क्यों लगा लिया? (२)

४) गद्‌यांश के आधार पर शिवाजी के दो गुण समझकर लिखिए। (२)

५) इस गद्‌यांश से आपने क्या सीखा? (२)

## व्याकरण विभाग

प्रश्न ४] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए - (२)

१) पार्वती- २) गाय-

ii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - (२)

१) दयालु- २) उत्तम-

iii) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - (२)

१) जिसने कोई अपराध न किया हो -

२) जिसे लज्जा न आती हो -

iv) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए:- कोई दो (३)

१) श्री गणेश करना-

२) मारा - मारा फिरना

३) नीचा दिखाना

v) निम्नलिखित अशुद्‌ध शब्दों को शुध्द कीजिए: (२)

१) कीनारा

२) परिक्षा

vi) निम्नलिखित वाक्यमें विशेषण पहचानकर भेद लिखिए: (१)

१) हम दस किलो चावल दान करना चाहते हैं।

vii) निम्नलिखित वाक्य में काल पहचानकर भेद लिखिए. (१)

१) पिताजी पत्र लिख रहे हैं।

## विभाग 'ब' (अंक - ४०)

## साहित्य-विभाग

प्रश्न ५ - क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (१२)

१) घर से भागकर आए बच्चों के बारे में लेखक के क्या विचार थे ?

२)बकरी दो गाँव कैसे खा गयी ?

३) बालमजदूरी एक अभिशाप क्यों है ?

४) हमें शिष्टाचार का पालन क्यों करना चाहिए ? आपने इस पाठ कौन-सा शिष्टाचार अपनाया ?

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :- (४)

१) किसान कितना लगान देता था ?

२) कौन- किसके जन्मदिन की पार्टी में गया था ?

३) अनवर कहाँ बैठा हुआ था ?

४)शिष्टाचार का सर्वप्रथम गुण कौन-सा है ?

ग) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:-- (३)

१) जब कोई हमारे लिए कुछ करता है या हमें कुछ देता है, तो हमें उसे --------- अवश्य कहना चाहिए।

२) स्टेशन में घूमने वाले बहुत-से बच्चे और बड़े बार- बार आकर मुझसे कह रहे थे कि -------- चाहिए, तो अभी दिलवा देते हैं।

3) जहाँ ------------- अच्छी होती है, वहाँ बरकत होती है, भंडार भरा रहता है।

घ) किसने किससे कहा लिखिए:- (३)

१)" इस बार इन गाँवों को बकरी से बचाना।”

२) “क्या उन्होंने आपसे कुछ कह दिया ?”

३)" नहीं, उसके पास मेरे रुपये रखे हैं।"

ङ) उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए :- (३)

i) वार्तालाप

१) विचार २) बातचीत ३) भाषण ४) लेखन

ii) आचरण

१) व्यवहार २) व्यावहार ३) व्यवाहर ४) व्यावाहार

iii) निरर्थक

१) सार्थक २) अर्थ ३) व्यर्थ ४) अशिष्ट

## कविता - विभाग

प्रश्न ६-अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

१) बादल जीवन में नव -तरंग कैसे लाते हैं ? (३)

२) बादल हमें क्या शिक्षा देते हैं ? (३)

आ) निम्नलिखित प्रश्नों एक वाक्य में उत्तर लिखिए :- (२)

१) बादलों की सवारी क्या है ?

२) आज सभ्यता क्या बन गई है ?

इ) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :- (४)

दादुर _______________

__________________________

__________________________

___________________ शोर मचाता ।

ई] उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए :- (३)

१) रौनक

a) रोना b) सोना c) शोभा d) साधना

२) इतराना

a) ईठलाना b) ईटलाना c) इठलाना d) इटें लाना

३) विनती

a) गिनती b) सभ्य होना c) पूजा d) प्रार्थना

-----------------------------------------समाप्त—-----------------------------------